बाबा मैं कर्मो वाला | Joshu Kanhaiya

बाबा मैं भागो वाला बाबा मैं कर्मो वाला
तेरे दर का मिला सहारा बाबा मैं कर्मो वाला
बाबा मैं भागों वाला............

जबसे मिला तू मुझको बाबा सब दु:ख मेरे दूर हुए
ऐसी कृपा कर दी तूने हम सब नूरो नूर हुए
किस्मत का खुल गया ताला बाबा मैं कर्मो वाला
बाबा मैं भागों वाला............

सालासर में बैठ के बाबा सबको दर्शन देता तू
सबके दु:ख तू दूर करे बदले में कुछ ना लेता तू
भक्तों का तू रखवाला बाबा मैं कर्मो वाला
बाबा मैं भागों वाला............

संकट मोचन नाम है तेरा संकट सबके हर लेता
सच्चे दिल से जो भी ध्याये मन चाहा इसे वर देता
तू है अंजनी का लाला बाबा मैं कर्मो वाला
बाबा मैं भागों वाला............

के टी धालीवाल भी बाबा तेरे दर पे आता है
तेरी कृपा से बाबा वो तेरे ही गुण गाता है
पिया तेरे नाम का प्याला बाबा मैं कर्मो वाला
बाबा मैं भागों वाला............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a5%8b-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-josu/